हर हाथ में काम हो, इसका एकमात्र विकल्प कृषि

- पतराटोली में किसान-वैज्ञानिक अंतर मिलन कार्यक्रम

इजरायल से वापस लौटे किसानों का स्वागत करते उपायुक्त.

चंदवा. उपायुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हर हाथ में काम हो, इसका एकमात्र विकल्प कृषि है. खेती के लिए लोग समय का इंतजार नहीं करें. नयी तकनीक का उपयोग कर कम खर्च में उत्पादकता बढ़ायी जा सकती है. उन्होंने कहा कि इजराइल से प्रशिक्षण लेने के बाद लातेहार-चंदवा के किसान राजेंद्र यादव व लोहरदगा के किसान राजकिशोर महतो हमारे बीच है. कहा कि वहां तकनीक के माध्यम से सामूहिक खेती होती है. उत्पादित चीजों के लिए उपयुक्त बाजार की भी व्यवस्था है. दोनों लोगों के प्रशिक्षण के बाद लातेहार जिले में भी सामूहिक खेती की शुरुआत होगी. श्री कुमार मंगलवार को चंदवा पूर्वी पंचायत स्थित पतराटोली गांव में आयोजित किसान-वैज्ञानिक अंतर मिलन कार्यक्रम में बोल रहे थे. उपायुक्त ने कहा कि आज युवा खेती से दूर भागते है. इसमें आय नहीं होने की बात कहते है, पर ऐसा नहीं है. इससे पूर्व अधिकारियों को बुके देकर गांव वालों ने स्वागत किया. कार्यक्रम के बाद उपायुक्त ने चेकडैम व लिफ्ट एरिगेशन का निरीक्षण कर बीडीओ अरविंद कुमार व मुखिया पुष्पा देवी को तत्काल योजना स्वीकृत कर चेकडैम में जमे बालू को साफ कराने का निर्देश दिया. इसके बाद सभी लोग राज डेयरी पहुंचे. गायों की नस्ल व उनकी देख-रेख देख उपायुक्त संतुष्ट हुए. इजराइल जाने वाले दोनों कृषक को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया. मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी अंजनी कुमार मिश्रा, जिला मत्स्य पदाधिकारी सीमा कुजूर, जिला पशुपालन पदाधिकारी रामसेवक राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, भूमि संरक्षण पदाधिकारी एसपी राम, प्रमुख नवाहीर उरांव, उपप्रमुख फिरोज अहमद, मुखिया पुष्पा देवी, बीडीओ अरविंद कुमार, सीओ मो मुमताज अंसारी, प्रभारी कृषि पदाधिकारी अरविंद पांडेय, जनसेवक संकेत सत्यम, रीना कुमारी, प्रकाश कुमार, बबन मुंडा, प्रभाकर मिश्र, अशोक कुमार, वार्ड सदस्य श्याम लाल रवि मौजूद थे.

सामूहिक खेती के लिए करें नई तकनीक का इस्तेमाल : डीसी

चंदवा | जिले के उपायुक्त राजीव कुमार मंगलवार को चंदवा पूर्वी पंचायत स्थित पतराटोली गांव पहुंचे। यहां उन्होंने कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के बैनर तले कृषक वैज्ञानिक अंतर मिलन कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम सामूहिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। उपायुक्त ने कहा कि आज खेती से जुड़कर ही हर हाथ को काम मिलना संभव है। हर दिन खेती के लिए उपयुक्त है। तकनीक का उपयोग करें।

उन्होंने कहा कि कृषक राजेंद्र यादव एवं राजकिशोर महतो इजरायल जाकर खेती के कई आधुनिक तकनीक सीखकर आए हैं। प्रशिक्षण के बाद जिले में भी किसानों को सामूहिक खेती करने के लिए तैयार किया जा रहा है। पतराटोली में करीब 200 किसान मिलकर 200 एकड़ भूमि पर सामूहिक खेती की तैयारी में जुटे हैं।

उन्होंने कहा कि सूकर पालन में भी काफी लाभ हैं। लोगों को गाय, सूअर, बकरी, मुर्गीपालन से जुडऩे का आह्वान किया। इससे पूर्व लोगों ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी अंजनी कुमार मिश्रा, जिला मत्स्य पदाधिकारी रणविजय कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी रामसेवक राम, सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, प्रमुख नवाहीर उरांव, उपप्रमुख फिरोज अहमद, बीडीओ अरविंद कुमार, सीओ मोहम्मद मुमताज अंसारी, प्रभारी कृषि पदाधिकारी अरविंद पांडेय, जनसेवक संकेत सत्यम, रीना कुमारी, प्रकाश कुमार, बबन मुंडा, प्रभाकर मिश्र आदि मौजूद थे।

सरकार

OPPO F7
Lapra

झारखण्ड सरकार
Farming को बढ़ावा देने हेतु

हर हाथ में काम हो, इसका एकमात्र विकल्प कृषि

- पतराटोली में किसान-वैज्ञानिक अंतर मिलन कार्यक्रम

इजरायल से वापस लौटे किसानों का स्वागत करते उपायुक्त.

चंदवा. उपायुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हर हाथ में काम हो, इसका एकमात्र विकल्प कृषि है. खेती के लिए लोग समय का इंतजार नहीं करें. नयी तकनीक का उपयोग कर कम खर्च में उत्पादकता बढ़ायी जा सकती है. उन्होंने कहा कि, इजराइल से प्रशिक्षण लेने के बाद लातेहार-चंदवा के किसान राजेंद्र यादव व लोहरदगा के किसान राजकिशोर महतो हमारे बीच है. कहा कि वहां तकनीक के माध्यम से सामूहिक खेती होती है. उत्पादित चीजों के लिए उपयुक्त बाजार की भी व्यवस्था है. दोनों लोगों के प्रशिक्षण के बाद लातेहार जिले में भी सामूहिक खेती की शुरुआत होगी. श्री कुमार मंगलवार को चंदवा पूर्वी पंचायत स्थित पतराटोली गांव में आयोजित किसान-वैज्ञानिक अंतर मिलन कार्यक्रम में बोल रहे थे. उपायुक्त ने कहा कि आज युवा खेती से दूर भागते है. इसमें आय नहीं होने की बात कहते है, पर ऐसा नहीं है. इससे पूर्व अधिकारियों को बुके देकर गांव वालों ने स्वागत किया. कार्यक्रम के बाद उपायुक्त ने चेकडैम व लिफ्ट एरिगेशन का निरीक्षण कर बीडीओ अरविंद कुमार व मुखिया पुष्पा देवी को तत्काल योजना स्वीकृत कर चेकडैम में जमे बालू को साफ कराने का निर्देश दिया. इसके बाद सभी लोग राज डेयरी पहुंचे. गायों की नस्ल व उनकी देख-रेख देख उपायुक्त संतुष्ट हुए. इजराइल जाने वाले दोनों कृषक को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया. मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी अंजनी कुमार मिश्रा, जिला मत्स्य पदाधिकारी सीमा कुजूर, जिला पशुपालन पदाधिकारी रामसेवक राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, भूमि संरक्षण पदाधिकारी एसपी राम, प्रमुख नवाहीर उरांव, उपप्रमुख फिरोज अहमद, मुखिया पुष्पा देवी, बीडीओ अरविंद कुमार, सीओ मो मुमताज अंसारी, प्रभारी कृषि पदाधिकारी अरविंद पांडेय, जनसेवक संकेत सत्यम, रीना कुमारी, प्रकाश कुमार, बबन मुंडा, प्रभाकर मिश्र, अशोक कुमार, वार्ड सदस्य श्याम लाल रवि मौजूद थे.